श्रीमती सावित्रीबाई झंवर सेवा न्यास, खण्डवा (म.प्र.) पं.क्र. 355/90

ट्रस्टी एवं सचिव द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन

वर्ष 2022–23

श्रीमती सावित्रीबाई झंवर सेवान्यास, खण्डवा पंजीयन क्रमांक 355/90 के न्यासीगणों को वर्ष 2022–23 का यह वार्षिक प्रतिवेदन एवं 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है।

वर्ष 2022–23 में संस्था को कुल 608978.00 रूपये जन सहयोग से एवं सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग से बच्चों के भरण – पोषण एवं कर्मचारी वेतन हेतु कुल 602820.00 रूपये प्राप्त हुए। संस्था के अन्तःवासी बालकों की सामान्य शिक्षा के साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु कम्प्यूटर, कम्प्यूटर टाईपिंग, सोलर लाईट एवं जैविक खेती का प्रशिक्षण भी दिया गया। संस्था के 2 बालको का शिक्षक भर्ती में चयन हुआ जिससे संस्था के समस्त न्यासीगणों ने हर्ष व्यक्त किया। निःशक्त बालकों द्वारा उच्च शिक्षा व रोजगोन्मुखी शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् अपनी योग्यतानुसार रोजगार प्राप्तकर सफलता अर्जित की। इसी तरह प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्था के पास उपलब्ध कृषि भूमि पर कृषि एवं बागवानी के क्षेत्र में जानकारी दी गई। जलसंरक्षण एवं जलसंवर्द्धन के साथ–साथ बच्चों को नाडेप कम्पोस्ट एवं केंचुआ खाद बनाने की तकनीक भी समझाई गई। संस्था में सोलर पेनल लगाकर सौर ऊर्जा का भी प्रशिक्षण दिया गया। परिसर में वृक्षारोपण के अंतर्गत बालकों एवं समिति के सदस्यों द्वारा फलदार एवं छायादार 80 पौधे रोपित किये गये।

बालकों के स्वास्थ का नियमित परीक्षण होता रहा है तथा वायुमण्डल शुद्धिकरण व स्वास्थ लाभ की दृष्टि से नियमित अग्निहोत्र भी बच्चों के द्वारा किया जाता है। वर्ष 2022–23 में संस्था की शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत कुल 20 दिव्यांग बच्चें अध्ययनरत् थे जिसमें से प्रथम श्रेणी में 05 बच्चें, द्वितीय श्रेणी में 4 एवं आई.टी.आई. 02 एस.एन.कॉलेज में 6, बी.एड. 03 छात्रों ने अध्ययन कर सफलता प्राप्त की।

संस्था को सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग खण्डवा से आवर्ती अनुदान एवं वेतन अनुदान प्राप्त हुआ जो कि संस्था को सुचारू रूप से चलाने में बहुत मददगार साबित हुआ है। अशासकीय समाजसेवी संगठनों जैसे श्री सत्य साई ट्रस्ट म.प्र., के माध्यम से भी विभिन्न प्रकार की सहायता प्राप्त हुई। जिस हेतु उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में इसी प्रकार की सहायता की अपेक्षा की।

संस्था अन्त में पुनः म.प्र. शासन, विभिन्न अशासकीय सामाजिक संगठन एवं खण्डवा नगर की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसी तरह सभी से स्नेह प्राप्त करने की अपेक्षा करती है।

श्रीमती सावित्रीबाई झंवर सेवान्यास,
खण्डवा के लिये

खण्डवा (म.प्र.)

भारत झंवर
(मानसेवी सचिव व ट्रस्टी)
श्रीमती सावित्री बाई झंवर सेवा न्यास
खण्डवा पं.क्र. 355/90

(भारत झंवर)
ट्रस्टी व मानसेवी सचिव